## सार-समाचार

### जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

चूरू, (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश व्यापी आव्हान पर विभिन्न मांगों को लेकर गुरूवार को प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में महासंघ के जिलाध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने बताया कि संसद में जल्द ही पूर्ण बजट प्रस्तुत होने वाला है और कर्मचारियों की अनेक महत्त्वपूर्ण मांगे लंबित है। इसमें आयकर छूट सीमा 8 लाख की जाए, 80 सी छूट सुविधा बहाल की जाये, सीमा 1.50 लाख के स्थान पर 3 लाख की जाए, छिदत मद में काटी गई राशि लगभग 41 हजार करोड़ रुपए वापस लौटाए, आठवें वेतन आयोग का अविलम्ब गठन करने, समस्त संविदा कर्मचारियों को नियमित करने, संविदा भर्तियों पर रोक लगाने व केन्द्र व राज्य सरकार के विभागों एवं संस्थानों के समस्त रिक्त पदों को नियमित भर्तियों से भरने की मांग की गई। महासंघ के जिला महामंत्री फूलेसिंह बुरड़क ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिये जिला कलेक्टर को अवगत करवाया गया है। इस अवसर पर महासंघ के बाबू खां, प्रमोद शर्मा, निवास माली, कमल वर्मा, महेंद्र सिंह, कजोड़ मल सैनी, शिक्षक संघ शेखावत के प्रदेश उपाध्यक्ष भंवर लाल कस्वां, हंसराज हुड्डा, नक्षत्र सिंह काजला, शमशेर भालू खां आदि उपस्थित थे।

### वाटर कूलर का उद्घाटन

चूरू, (कासं)। राजकीय सर्वहितकारिणी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पुत्री पाठशाला में ठंडीराम गोयल काठमांडू के सौजन्य से व पं. ओमप्रकाश गौतम की प्रेरणा से वाटर कूलर भेंट किया गया। इस अवसर पर राजवती गौतम व नीलम गौतम ने विद्यालय की कक्षा 10 व 12 बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं का सम्मान किया गया। इस दौरान कक्षा 12वीं की टॉपर सोनू प्रजापत, हर्षिता दर्जी व कक्षा 10 की टॉपर इशानी का उत्साहवर्धन कर बधाई दी और सभी छात्राओं को इनसे प्रेरणा लेने का आव्हान किया। इससे पूर्व अतिथियों ने वाटर कूलर का उद्घाटन किया। प्रधानाचार्या निशा अजमेरा व उप प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद ने भामाशाहों व प्रेरकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आरती सामौर, अभिलाषा खेमका, तरुणा आर्य, उषा सैनी, जमुना शर्मा, मंजू सोनी, राम सिंह सिहाग, राजेश कुमार कस्वां, विद्याधर शिवराम, सुभाष चंद्र लाटा, ओमप्रकाश, राजकुमार, संगीता ने सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन आरती सामौर व रामसिंह सिहाग ने संयुक्त रूप से किया।

### राजकीय आईटीआई में प्रवेश आमंत्रित

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय स्थित राजकीय आईटीआई में प्रवेश सत्र 2024.25.26 के लिए प्रवेश आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 19 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित हो सकते हैं। आईटीआई प्रभारी ने बताया कि विद्युतकार रुपए 13000, इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक ;रुपए 11000, फिटर रुपए 11000, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कंडिशनिंग टेक्नीशियन ,रुपए 11000, वायरमैन रुपए 9000, मैकेनिक डीजल इंजन रुपए 11000, प्लम्बर ;रुपए 11000, सोलर टेक्नीशियन एससीवीटी ;रुपए 11000, व्यवसाय में संस्थान प्रबंधन समिति कोटे से प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को 19 जुलाई सवेरे 10 बजे संस्थान में अपने ऑनलाईन पोर्टल से प्राप्त आवेदन पत्र का प्रिन्ट, मेरिट क्रमांक का प्रिन्ट, निर्धारित फीस एवं योग्यता संबंधित समस्त मूल दस्तावेज एवं दस्तावेजों की 2 फोटो प्रति तथा स्वयं की 1 फोटो साथ लेकर आवश्यक रूप से उपस्थित होने के लिए कहा गया है। दोपहर 12 बजे पश्चात् आने वाले अभ्यर्थियों पर विचार नहीं किया जायेगा।

### पौधों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया

सीकर (निसं)। शहीद नोपाराम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूमा बडा के विद्यालय परिसर में पर्यावरण बचाओ थीम एवं एक वृक्ष मां के नाम अमृत महोत्सव मुख्यमंत्री पौधारोपण अभियान के तहत गुरूवार को पौधारोपण अभियान का शुभारंभ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विद्याधर शर्मा के सानिध्य में पौधारोपण के साथ किया गया। ब्लॉक पौधारोपण प्रभारी सुरेश कुमार भास्कर ने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न प्रजाति के 150 पौधे लगाए गए। पौधारोपण अभियान के अंतर्गत प्रधानाचार्य सोहनलाल भास्कर ने पौधारोपण का लेआउट प्रस्तुत कर स्टॉफ सदस्यों व विद्यार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन देकर पौधरोपण करवाया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विद्याधर शर्मा ने पर्यावरण की शुद्धता के लिए अधिकाधिक पेड़ लगाने का आव्हान करते हुए बच्चों को पेड़ गोद देकर सुरक्षा का संकल्प दिलाया। समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण में भाग लिया। शिक्षक रणधीरसिंह ताखर द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी को इन पौधों को सुरक्षित रखने व देखभाल के लिए विद्यार्थियों को जिम्मेदारी दी गई।

### अभियान के तहत फलदार पौधे लगाए

रतनगढ़ (निसं)। सरदारशहर रोड स्थित श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर परिसर एवं जोधराज बैद कृषि फार्म में राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत भामाशाह एवं समाजसेवी जोधराज बैद, राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड प्रधान संतोष कुमार इंदौरिया एवं उप प्रधान विनोद कुमार डागा के नेतृत्व में संघ द्वारा संचालित वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत सौ फलदार एवं फूलदार पौधे लगाए गए। संघ प्रधान इंदौरिया ने बताया कि इससे पूर्व भी स्काउट गाइड द्वारा शमशान घाट, पंचायत समिति, पुलिस थाना परिसर, सरकारी आवासों सहित विभिन्न विद्यालयों में फलदार पौधे लगाए जा चुके हैं जिनकी सार संभाल एवं सुरक्षा व्यवस्था की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर वीरेंद्र रॉयल, मनोज जोशी, पूरणमल नाई सहित अनेक लोगों ने सहयोग किया।

### पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ 21 को

चूरू, (कासं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ चूरू में गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। गुरु पूर्णिमा पर्व पर 21 जुलाई रविवार सुबह 6 से 8 बजे तक सामुहिक जप का आयोजन किया जाएगा और उसके बाद यज्ञ किया जायेगा। ज्ञात रहे कि गायत्री परिवार वर्ष में तीन बड़े आयोजन करते हैं। बसंत पंचमी, गायत्री जयंती और गुरु पूर्णिमा को प्रत्येक शक्तिपीठ पर ये आयोजन किए जाते हैं। आयोजन को लेकर गायत्री परिवार के सदस्यों से संपर्क किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर शांतिकुंज हरिद्वार के वरिष्ठ प्रतिनिधि रामसिंह राठौड़ के निर्देशन में पृथ्वीराज सैनी, उम्मेद सिंह राठौड़, महेंद्र कुमार कश्यप, गायत्री गौरसिया, कमलेश कंवर, किशन कंवर, प्रकाश कंवर आदि कार्यकर्ता तैयारियों में जूटे हुये हैं।

### उमस के कारण परेशानी बढ़ी

चूरू, (कासं)। चूरू में इन दिनों उमस के कारण लोगों को पसीने से तर होना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से बारिश पर विराम सा लगा हुआ है। जिसके कारण उमस भरा वातावरण बना हुआ है हालांकि रात के समय में हवा चलने से कुछ राहत मिल जाती है। दिन में धूप छांव की स्थिति बनी रहती है। उमस से पंखे व कूलर भी राहत नहीं दे पा रहे हैं। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद चारों ओर हरियाली दिखाई देने लगी है। इसी के साथ पशुओं के लिए चारा भी उपलब्ध हो रहा है। जंगल में चारा हो जाने से अब आवारा पशुओं के लिए परेशानी नहीं होगी।

### किसान महापंचायत की बैठक

पाटन (निसं)। राष्ट्रीय किसान महापंचायत जिला नीमकाथाना के द्वारा गुरूवार को तहसील स्तरीय मीटिंग का आयोजन राष्ट्रीय किसान महापंचायत के अध्यक्ष बलदेव यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग में खाद-बीज, पानी की समस्या तथा किसानों को मिलने वाली योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मीटिंग में तहसील अध्यक्ष कमल कुमार सैनी, अशोक तोला, कृष्ण कुमार सैनी, भजनलाल गुर्जर, रामस्वरूप हवलदार, रामजीलाल सैनी, डी पी यादव, बहादुर गुर्जर, नरेश पाल यादव, सरपंच प्रतिनिधि बलराम गिराटी, सहित सैकडो किसानों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की बैठक 23 को

सीकर (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रणजीत सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालय पर स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त 2024 के सफल आयोजन के लिए 23 जुलाई 2024 को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जायेगी।

# कलेक्टर ने आमजन की शिकायतें सुनी, समाधान के निर्देश दिए



आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं की सुनवाई के लिए जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई।

झुंझुनूं, (निसं)। आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं की सुनवाई के लिए गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में मुख्य सचिव, जिले की प्रभारी सचिव सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े सुबह 11 बजे शुरू हुई जनसुनवाई 3 बजे तक चली। जिसमें कलेक्टर ने 91 शिकायतों की सुनवाई कर अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान राजस्व संबंधी शिकायतें अधिक रही। जिनमें गोचर व जोहड भूमि पर

■ जनसुनवाई चार घंटे चली

अतिक्रमण, रास्ते के प्रकरण, भूमि बंटवारे के विवाद मुख्य रहे। इस दौरान विद्युत व पेयजल आपूर्ति, विद्युत लाइन व ट्रांसफर शिफ्टिंग, ग्रामीण इलाकों में जल भराव की समस्या, कृषि विभाग की योजना अंतर्गत सब्सिडी का गलत खाते में स्थानांतरण सहित अन्य शिकायते प्राप्त हुई। जनसुनवाई में एडीएम रामरतन सौंकरिया, सीईओ अंबालाल मीणा, एएसपी पुष्पेंद्र सिंह राठौड सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत एवं प्रभारी सचिव डॉ. समित शर्मा ऑनलाइन जुडे। उन्होंने कलेक्टर से प्राप्त शिकायतों के बारे में जानकारी ली।

जनसुनवाई के दौरान टांई ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने सहकारी समिति के व्यवस्थापक के खिलाफ शिकायत दी कि व्यवस्थापक गबन के मामले में दोषी है। जिस पर जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को व्यवस्थापक को निलंबित करने के निर्देश दिए।

### विद्युत हादसों की रोकथाम पर चर्चा

झुंझुनूं, (निसं)। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ के डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी तथा जेएमसी मेंबर अजमेर डिस्कॉम सुरेश कुमार शर्मा का डिस्कॉम के अजमेर, ब्यावर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, राजसमंद, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ तथा शाहपुरा जिलों में श्रमिकों की समस्याओं एवं विद्युत कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता को लेकर 13 से 18 जुलाई 2024 तक का प्रवास किया तथा शीघ्र ही संगठन की डिस्कॉम स्तरीय कार्य समिति का आयोजन कर कार्यसमिति में आगामी आंदोलनात्मक रणनीति तय करने की बात कही एवं प्रवास वापसी में गुरुवार को अजमेर में निगम प्रशासन से चर्चा बैठक की। निगम प्रशासन को विद्युत कर्मियों को उच्च गुणवत्ता के सुरक्षा उपकरण वर्ष में दो बार उपलब्ध कराने, सभी कैडर के प्रमोशन शीघ्र करने, कर्मचारियों के दावों के भुगतान समय पर करने पर चर्चा की।

# सात दिन में जांच कर परिवादों का निस्तारण करें : सत्यानी

चूरू (का.सं.)। जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा है कि जनसुनवाई में आने वाले प्रकरणों का सात दिनों में समुचित जांच करते हुए निस्तारण करें तथा अधिकारी फरियादियों को उनके प्रकरणों में संतुष्ट करें।

इस दौरान फरियादियों ने जिला कलेक्टर सत्यानी के समक्ष ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती, पेंडिग बिजली कनेक्शन, गोचर भूमि पर अतिक्रमण, सरदारशहर के पूलासर में गोचर भूमि पर अवैध अतिक्रमण, जिला मुख्यालय स्थित स्वामी गोपालदास कन्या महाविद्यालय के पास गंदगी व सफाई नहीं होने सरदारशहर के राजास में बीज वितरण में अनियमितताए चूरू के भामासी से कड़वासर जाने के रास्ते पर 200 मीटर का सड़क पेचवर्क नहीं होने, मेलूसर में पानी बिजली की समस्याएं, स्प्रिंकलर सब्सिडी की पेंडेंसी, चूरू नगरपरिषद के वार्ड नंबर 13 में बिजली अधिक लोड के ट्रांसफॉर्मर की आवश्यकता सहित राजस्व व बिजली, पानी समेत आवश्यक सेवाओं के परिवाद रखे। जिस पर जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को टाइमलाइन निर्धारित कर निस्तारण के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला कलेक्टर सत्यानी ने बजट घोषणाओं पर चर्चा करते हुए अधिकारियों से कहा कि भूमि चिन्हीकरण व आवंटन, प्रस्ताव भिजवाने आदि कार्यवाही समयबद्ध ढंग से करें। साप्ताहिक रूप से बजट घोषणाओं की क्रियान्विति हेतु जा रही गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी।

सीईओ मोहनलाल खटनावलिया ने अधिकारियों से पौधरोपण अभियान की क्रियान्विति की जानकारी ली। इस दौरान एडीएम उत्तमसिंह शेखावत, चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह, डीएफओ भवानी सिंह, एसीईओ दुर्गा ढाका, डीओआईटी संयुक्त निदेशक मनोज गरवा, डिस्कॉम एसई वीआई परिहार, एपीआरओ मनीष कुमार, कृषि विस्तार संयुक्त निदेशक जगदेव सिंह, नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ ओमप्रकाश, पीएचईडी प्रोजेक्ट एसई राममूर्ति, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, डीएलआर शुभकरण, एलडीएम अमरसिंह, डीबी जनरल अस्पताल अधीक्षक डॉ हनुमान जयपाल, एसीएमएचओ डॉ अहसान गौरी, सानिवि एईएन चंचलए एईएन पूनम, सीडीईओ जगबीर सिंह यादव, बीएसएनएल के अजय, राजेन्द्र सहित अधिकारी तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

# शहीद हवलदार मेजर पीरू सिंह को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी

झुंझुनूं, (निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं द्वारा शहीद हवलदार मेजर पीरूसिंह की 76वीं पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि कार्यक्रम पीरु सिंह सर्किल स्थित पीरुसिंह स्मारक पर आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए लॉयंस क्लब झुंझुनूं के अध्यक्ष डॉ. बबिता कुमावत, सचिव गोपालकृष्ण गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष किशनलाल जांगिड ने बताया कि 18 जुलाई गुरूवारको आयोजित कार्यक्रम में शहीद हवलदार मेजर पीरू सिंह को दो मिनट का मौन रखकर पुष्पांजलि अर्पित कर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी अनिल कुमार पूनियां, पूर्व विधायक डॉ. मूलसिंह शेखावत, पूर्व पीएमओ डॉ. हनुमानसिंह शेखावत, सुरेंद्र सिंह बड़ाऊ, शक्तिसिंह गांगियासर, लॉयंस क्लब अध्यक्ष लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, क्लब सचिव गोपाल कृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष किशनलाल जांगिड़, जोन चेयरपर्सन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड़, शकुंतला पुरोहित, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, शिवकुमार जांगिड, डॉ. देवेंद्र शेखावत, भागीरथप्रसाद जांगिड, रमेशचंद्र जांगिड, ओमप्रकाश जांगिड़, मनोजसिंह टीकेएन, सुरेश कुमार मोदी, अशोक सोनी, डॉ. एनएस नरूका, डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत, कैलाशचंद्र सिंघानिया, विनीता शर्मा, महिपाल सिंह, डॉक्टर अनिल अग्रवाल, राजेश गुप्ता, शिवकुमार शर्मा, रामप्रताप कुमावत, मुकेश एस मूंड, नागरमल जांगिड़, जुगलकिशोर पाटोदिया, लॉयंस क्लब गौरव के एनआर धूपिया, संपत बारूपाल, पीरूसिंह विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमित्रा झाझडिया, विद्यालय की छात्राएं व स्टाफ विनोद शर्मा अध्यापक, राजस्थानी शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेंद्र शर्मा, नरेंद्र सिंह एवं श्रवण सिंह सहित अन्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रायोजक लॉयन डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत ने शहीद पीरू सिंह जी के जीवन व शहादत के बारे में आमजन को जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम के पश्चात शहीद पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग का वितरण एवं तत्पश्चात नगर परिषद स्थित अन्नपूर्णा रसोई में 50 प्रभु जनों को निशुल्क भोजन कार्यक्रम प्रायोजक एवं संयोजक डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत के संयोजन में संपन्न हुआ। क्लब पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि लॉयंस क्लब झुंझुनूं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा पीरूसिंह स्मारक पर गत दिवस 17 जुलाई अपराह्न छह बजे साफ सफाई का कार्य भी करवाया गया। उन्होंने बताया कि लॉयंस क्लब द्वारा विगत 28 वर्षों से मेजर पीरू सिंह की 18 जुलाई पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन लगातार किया जाता रहा है।

### विद्यालयों का निरीक्षण किया

झुंझुनूं, (निसं)। विभागीय निर्देशानुसार कमलेश तेतरवाल एपीसी व रामचंद्र यादव पीओ समसा झुंझुनूं ने गुरुवार को बिसाऊ तहसील के राजकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राउमावि चंदवा, राउमावि कोदेसर, राप्रावि खटीकान बिसाऊ व गिगीदेवी जटिया राबाउमावि बिसाऊ का अवलोकन करते हुए आवश्यक सम्बलन प्रदान किया। इस दौरान संस्था प्रधानों व स्टाफ सदस्यों को नामांकन वृद्धि, पौधाक्षारोपण, शैक्षिक गुणवत्ता व भौतिक विकास के लिए सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना से कार्य करने के निर्देश दिए। चंदवा में कार्यवाहक प्रधानाचार्य रमेश पूनियां से भामाशाह गढ़वाल परिवार द्वारा बनवाए जाने वाले प्रस्तावित नए विद्यालय भवन से सम्बंधित प्रगति की जानकारी ली तथा इसे शीघ्र शुरू करवाने के लिए भामाशाह से लगातार संपर्क में रहने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर के आदेशानुसार विद्यालयों में आईसीटी लेब व पुस्तकालयों के बेहतर उपयोग के लिए योजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए।

# जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में लोगों के अभाव अभियोग सुने

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर कमर चौधरी के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसुनवाई भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र कलेक्ट्रेट परिसर में गुरूवार को आयोजित हुई।

जिला कलेक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई के दौरान गौचर भूमि, रास्तों एवं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने, गोरीशंकर अग्रवाल आभावास ने सड़क के बीच में टैंक बना कर अतिक्रमण करने, मंदिर भूमि से अतिक्रमण हटाने, रोलसाहबसर में शिवजी के प्राचीन मंदिर से आम रास्ते पर से अतिक्रमण हटाने, महावीर पुरोहित साहित्यकार ने पूर्व सैनिकों के नाम पर शहरों की सड़कों का नामकरण करवाने, भागीरथ सिंह ने ग्राम पंचायत जेरठी में शराब की दुकान को सही स्थान पर लगाने, बाबूलाल शर्मा दुल्हेपुरा ने सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने, मूण्डवाडा में पटवार घर से अतिक्रमण हटाने, तारबंदी का पैसा दिलवाने, विद्युत ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने सहित अन्य परिवाद प्राप्त हुए जिन पर जिला कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियो को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई।

जिला कलेक्टर ने आमजन से जुडी विभागीय समस्याओं तथा राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, स्टारमार्क प्रकरण, ब्लॉक स्तर पर जन सुनवाई के लम्बित प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। जन सुनवाई में सीकर सासंद अमराराम ने ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत की अघोषित कटोति होने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सडकों की जर्जर स्थिति की समस्या के बारे में बताया और सार्वजनिक निर्माण विभाग से उनकी मरम्मत करवाने की बात कही।

इस दौरान प्रशिक्षु आईपीएस साहिल सी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन रणजीत सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर हेमराज परिडवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र पुरोहित, सीकर एसडीएम जय कौशिक, इंदिरा शर्मा सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग, आयुक्त नगर परिषद सीकर शशिकांत शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### बी.एड. मुख्य परीक्षा 29 जुलाई से

झुंझुनूं, (निसं)। एक बार फिर से हमारा समाचार पत्र विद्यार्थियों व पाठकों के लिए विश्वसनीय साबित हुआ हैं। हमारे समाचार पत्र ने 17 जुलाई को प्रकाशित अंक में शेखावाटी यूनिवर्सिटी की बीएड मुख्य परीक्षा-2024 जुलाई के अंतिम सप्ताह में शुरू होने की संभावना जताई थी। जिसके बाद 18 जुलाई को शेखावाटी यूनिवर्सिटी ने एक आदेश जारी कर स्पष्ट भी कर दिया है कि बीएड परीक्षा 29 जुलाई से शुरू हो जाएगी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर के अंतर्गत होने वाली बीएड मुख्य परीक्षा 29 जुलाई से प्रारंभ कर दी जाएगी। यूनिवर्सिटी के सहायक कुलसचिव परीक्षा डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि बीए-बीएड, बीएससी-बीएड (चार वर्षीय), बीपीईएड एवं बीए-एलएलबी की वर्ष-2024 की मुख्य परीक्षा 29 जुलाई से प्रारंभ की जाएगी। सहायक कुलसचिव परीक्षा डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि दो वर्षीय बीएड परीक्षार्थियों की परीक्षा 2 अगस्त से शुरू कर दी जाएगी। यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरिंदम बासु ने बताया कि परीक्षा को लेकर टाईम टेबल शीघ्र ही यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

### 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम

झुंझुनूं, (निसं)। स्थानीय सेठ श्री केदारनाथ मोदी राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. अनिता झाझडिया ने विद्यार्थियों को बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी को एक-एक पेड मां के नाम से लगाना है व इसकी देखभाल करनी है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों व स्वयंसेवकों 150 पौधे लगाकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी ली। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारी सुमन सैनी ने किया। इस अवसर पर सरोज नैनीवाल, डॉ. प्रीति शर्मा, डॉ. सुशील कुमार शर्मा, डॉ. विजेंद्र सिंह तंवर, डॉ. कुलदीप ढाका, रणवीरसिंह, मनीषकुमार, संजय कुमार आदि सहित महाविद्यालय परिवार की सदस्य एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### रिको में पौधारोपण कार्यक्रम आज

झुंझुनूं, (निसं)। लघु उद्योग भारती झुंझुनूं एवं लॉयंस क्लब झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में 19 जुलाई को सुबह नौ बजे पर्यावरण बचाने के क्रम में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन केडिया हैंडीक्राफ्ट रीको इंडस्ट्रियल एरिया झुंझुनूं में प्लॉट नंबर जी-257 से जी-260 में किया जाएगा। पौधारोपण कार्यक्रम के आयोजन को लेकर लघु उद्योग भारती अध्यक्ष रोहिताश्व बंसल, सचिव सुरेंद्र केडिया, कोषाध्यक्ष संजय टीबड़ा, लॉयंस क्लब झुंझुनूं अध्यक्ष डॉ. बबिता कुमावत, सचिव गोपाल कृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष किशनलाल जांगिड सहित दोनों संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रयासरत है।

### प्रतियोगिता का उद्घाटन

रतनगढ़ (निसं)। स्थानीय में न्यू लिंक रोड पर चौधरी मुक्ति धाम के पास, केडी स्पोर्टस ग्राउंड पर रात्रिकालीन टेनिस बॉल चैलेंजर बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ, बुधवार रात थानाधिकारी दिलीप सिंह ने फीता काटकर व गेंद खेलकर किया। आयोजक सुनील, अनिल व सौरभ सैनी ने बताया की 10 दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में करीब 64 टीमें भाग लेंगी। अभी भी एंट्री ओपन है। विजेता टीम को इलेक्ट्रिक स्कूटी व ट्रॉफी, तथा उप विजेता टीम को ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। मैच का आंखों देखा हाल अनिल वर्मा व देवीसिंह पडिहार ने सुनाया। इस दौरान दर्जनो दर्शक मौजूद थे।

### आज पेयजल आपूर्ति बाधित

झुंझुनूं, (निसं)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर उपखंड के सहायक अभियंता पुनित सैनी ने बताया कि झुंझुनूं शहर में अग्रसेन सर्किल के पास एवं समसपुर रोड पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की पेयजल पाइप लाइन का मरम्मत कार्य होने के कारण शहर के कुल 17 वार्ड में वार्ड नंबर 23, 24, 29, 30, 31, 35, 36, 37, 38, 39, 48, 49, 50, 51, 52, 53 और 54 में पेयजल आपूर्ति आज आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

### शिविर में 129 रोगी लाभांवित

झुंझुनूं, (निसं)। परम श्रद्धेय स्वामी कृष्णानंद महाराज की पवन प्रेरणा से भारतीय सेवा समाज डालमिया सेवा ट्रस्ट एवं शारदा फाउंडेशन मुंबई के प्रतिनिधि निर्मल झुनझुनवाला के सहयोग से गुरुवार को श्री राममंदिर घरड़ाना कलां में प्रत्येक महीने की भांति नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### बेटी के जन्मदिन पर पौधारोपण किया

कोलसिया, (निसं) बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व पर्यावरण संरक्षण को लेकर गांव बुगाला के मनीष पुत्र शीशराम बुगालिया ने सपत्निक सोमवार को पीएचसी भवन में पौधारोपण किया। इन्होंने अपनी बेटी मन्नत के दूसरे जन्मदिन पर अस्पताल परिसर में आम, अशोक व बेलपत्र के पौधे लगाए। इनकी सुरक्षा के लिए जल्द ही ट्री गार्ड भी लगाएंगे। इन्होंने प्रति वर्ष 15 जुलाई को यहां 11-11 पौधे लगाने की घोषणा की।

**सूचना** मेरा मुवक्किल जगदीश प्रसाद पुत्र सावंताराम जाति जाट (भाकर) निवासी झाड़सर छोटा तहसील तारानगर जिला चूरू की हिदायतानुसार आम सर्वसाधारण को सूचना दी जा रही है यह कि मेरे मुवक्किल का लड़का राजपाल भाकर मेरे मुवक्किल व उसके परिवार के कहने सुनने में नहीं है अपनी मनमर्जी से गलत कार्य करता रहता है तथा आवारा व बदमाश लड़कों के साथ रहता है इसलिए मेरा मुवक्किल आज दिनांक 18.07.2024 को अपने पुत्र राजपाल भाकर को अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता है। तथा आज से पूर्व व भविष्य में मेरे मुवक्किल का पुत्र राजपाल भाकर किसी भी व्यक्ति के साथ कोई लेनदेन व व्यवहार किया है या करेगा तो मेरे मुवक्किल की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। जिसका जिम्मेदार राजपाल भाकर होगा मेरा मुवक्किल का आज से अपने पुत्र राजपाल भाकर से कोई संबंध नहीं रहा है।

पवन कुमार योगी एडवोकेट

**कृषि महाविद्यालय, चाँदगोठी (चुरू)**
(स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर)

No. : F./SKRAU/COACDG/2024/1018 दिनांक :- 15/07/2024

**आवश्यकता/सूचना**

कुलसचिव, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के पत्र क्रमांक F/SKRAU/Rectt./2024/1712 दिनांक 11.07.2024 के सन्दर्भ में कृषि महाविद्यालय, चाँदगोठी (चुरू) पर कृषि स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को अकादमिक सत्र 2024–25 के प्रथम सेमेस्टर में विभिन्न विषयों (शस्य विज्ञान, मृदा विज्ञान, उद्यानिकी, कृषि प्रसार शिक्षा, आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन, कीट विज्ञान, कृषि अर्थशास्त्र, कृषि अभियांत्रिकी/मैकेनिकल इंजीनियरिंग, पादप रोग विज्ञान, पशु उत्पादन एवं प्रबंधन, कम्प्यूटर विज्ञान, गणित/सांख्यिकी एवं अंग्रेजी) को पढ़ाने हेतु अथिति संकाय के रूप में योग्य शिक्षकों की अंशकालीन आवश्यकता है। इच्छुक योग्यताधारी अभ्यर्थी (स्नातकोत्तर के साथ NET अथवा Ph.D.) या रिटायर्ड कॉलेज शिक्षक (70 वर्ष से कम आयु वाले) अपने प्रार्थना पत्र, बायो–डाटा, मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के साथ एक अतिरिक्त स्वःप्रमाणित प्रतिलिपि सेट लेकर दिनांक 24.07.2024 (बुधवार) को प्रातः 10:00 बजे अधिष्ठाता कार्यालय, कृषि महाविद्यालय, चाँदगोठी (चुरू) में साक्षात्कार हेतु व्यक्तिशः उपस्थित होवें। अथिति संकाय शिक्षकों को विश्वविद्यालय नियमानुसार मानदेय देय होगा। चयन प्रक्रिया के समस्त अधिकार चयन समिति के पास सुरक्षित रहेंगे।

राज.संवाद/सी/24/2436 अधिष्ठाता

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर**
**जिला हनुमानगढ (राज.)**
Fax No.: 01537-250043, Email: nprawatsar1977@gmail.com,
Phone No.: 01537-250043

क्रमांक-न.पा.रा./भू./2024/ दिनांक-

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामनिवास पुत्र श्री सत्यनारायण जाति जाट निलवासी चक्र 8 एनडब्ल्यूडी रामपुरा रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ द्वारा आवासीय भूखण्ड साईज 3226.40 वर्गफुट का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहता है। उक्त भूखण्ड का मूल नगरपालिका रावतसर द्वारा साईज 3226.40 वर्गफुट का जारीशुदा है। श्री धर्मसिंह ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 13.06.2024 द्वारा री रामनिवास पुत्र श्री सत्यनारायण को बेचान कर दिया। जिसका नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहता है।

अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(शैलेन्द्र कुमार गोदारा)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर